भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1062
गुरुवार, 08 फरवरी, 2024/19 माघ, 1945 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

नागरिक विमान औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र का विकास

1062. श्री विष्णु दत्त शर्माः

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि भारत नागरिक विमान क्षेत्र में लगभग शत प्रतिशत आयात पर निर्भर है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार इस तथ्य से अवगत है कि चीन ने एयरबस और बोइंग के विकल्प के रूप में अपना स्वयं का घरेलू विमान विकसित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने देश में नागरिक विमान औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र के विकास और प्रदर्शन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना के माध्यम से आयात प्रतिस्थापन के लिए प्रयास किए हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डॉ.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))

(क) से (घ) विश्व स्तर पर, एयरबस और बोइंग दो प्रमुख मूल उपकरण विनिर्माता (ओईएम) हैं जो वाणिज्यिक फिक्स्ड विंग विमान का विनिर्माण करते हैं, जबकि अन्य ओईएम क्षेत्रीय विमान का विनिर्माण करते हैं। सरकार, भारत में सार्वजनिक और निजी उद्यमों द्वारा विमान और संबंधित उपकरणों के विकास और विनिर्माण को बढ़ावा दे रही है और इन्हें सुलभ बना रही है। हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा विकसित हिंदुस्तान -228 (उन्नत) नागरिक विमान, 19 सीटर टर्बो प्रॉप कम्यूटर आधारित विमान है जो क्षेत्रीय सम्पर्क के लिए उपयुक्त है। एचएएल ने एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) ध्रुव भी विकसित किया है जो स्वदेशी रूप से डिजाइन किया गया 5.5 टन श्रेणी का हेलीकॉप्टर, सैन्य और नागरिक अनुप्रयोग के लिए विधिवत प्रमाणित मल्टी-मिशन, मल्टी-रोल हेलीकॉप्टर है। एचएएल ने 19 सीटों वाले हल्के परिवहन विमान - सारस एमके॥ के डिजाइन, विकास और प्रमाणन और तत्पश्चात विमान के उत्पादन, विपणन और पूर्ण कालावधि (Lifecycle) रखरखाव के लिए वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) - राष्ट्रीय वांतरिक्ष प्रयोगशालाएं (एनएएल) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

******